विद्यालयों और छात्रावासों के आसपास पुलिस दीदी ने की नियमित गश्ती, छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

सीवान। जिले में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिवान पुलिस की पुलिस दीदी (अभया ब्रिगेड) टीम द्वारा शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों के आसपास नियमित गश्ती की जा रही है।इसी क्रम



में रविवार, 1 नवंबर को पुलिस दीदी की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर छात्राओं एवं आम लोगों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य शैक्षणिक परिसरों में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकार, आत्मसम्मान तथा महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।टीम की सदस्यों ने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या, छेड़खानी या असुरक्षा की स्थिति में वे बिना किसी संकोच के पुलिस से संपर्क करें और अपनी बात खुलकर रखें। पुलिस दीदी की टीम ने उन्हें जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने के लिए भी प्रेरित किया।सीवान पुलिस की इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में सुरक्षा का भरोसा कायम करना तथा महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाना है।

टेढ़ीघाट में पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन, युवाओं ने दिखाया दमखम

हुसैनगंज (सीवान)। प्रखंड क्षेत्र के टेढ़ीघाट में युवाओं को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गोल्ड हेल्थ क्लब के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपनी ताकत और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

डेडलिफ्ट स्पर्धा में शेखर कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। वाजिद अली दूसरे स्थान पर रहकर सिल्वर मेडल के हकदार बने, जबकि मुन्ना कुमार और मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। वहीं बेंच प्रेस स्पर्धा में मिथिलेश यादव ने प्रथम, राजकुमार ने द्वितीय और रोशन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल, अवार्ड और जिम से संबंधित डाइट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल अन्य प्रतिभागियों का भी उत्साहवर्धन किया गया।इस अवसर पर गोल्ड हेल्थ क्लब के संचालक विनीत पाठक ने कहा कि युवाओं में नशे और मोबाइल की बढ़ती लत चिंता का विषय है। युवाओं को इनसे दूर रहकर खेल, व्यायाम और स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ी पूंजी है। खेल और फिटनेस के माध्यम से युवा अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं।कार्यक्रम में करण सिंह राजपूत, प्लस पब्लिक स्कूल लक्ष्मी नगर के उप निदेशक आदित्य पाठक, बांके बिहारी स्कूल के प्राचार्य अशोक यादव, हुसैनगंज प्रखंड अध्यक्ष अजय पटेल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विकास, रोशन, सनी, अंकित, नीरज, राज, मिथिलेश यादव, रितेश पासवान, अरबाज, शेखर कुमार, मुन्ना कुमार, अजय पटेल, वाजिद अली, डॉ. राहुल और मिथिलेश कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों ने भाग लिया।

बीपीएस कॉलेज में जी+4 भवन का मंत्री सुनील कुमार ने किया भूमिपूजन, कहा-आधुनिक तकनीक और किताबों से जुड़ें छात्र

भोरे।भोरे प्रखंड मुख्यालय स्थित बीपीएस कॉलेज परिसर में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान 26.89 करोड़ की लागत से कॉलेज में बनने वाले अत्याधुनिक जी+4 (भूतल समेत चार मंजिला) नए भवन का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ. इस बहुमंजिला भवन में साइंस ब्लॉक, आधुनिक पुस्तकालय और प्रशासनिक कार्यालयों का निर्माण कराया जाएगा.भवन का भूमिपूजन बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री सुनील कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर किया. इस मौके पर उनके साथ जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो.परमेंद्र वाजपेयी,पूर्व प्राचार्य प्रो.(डॉ.) उदय शंकर पांडेय तथा वर्तमान प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार सुमन मुख्य रूप से मौजूद रहे.सत्र नियमित करने और डिजिटल शिक्षा पर रहेगा जोर- मंत्री

भूमिपूजन के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि कॉलेज का बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होने से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा. उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में सत्र को पूरी तरह नियमित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है.विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आज का दौर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल लाइब्रेरी का है,लेकिन तकनीक के साथ-साथ किताबों का महत्व कभी कम नहीं हो सकता. उन्होंने कॉलेज प्रशासन को सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आसपास के गांवों को गोद लेकर वहां शिक्षा व जागरूकता अभियान चलाने का भी आह्वान किया.

महाविद्यालय का विकास अनुकरणीय-कुलपति

समारोह को संबोधित करते हुए जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.परमेंद्र वाजपेयी ने बीपीएस कॉलेज में लगातार हो रहे विकास कार्यों की सराहना की. उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह महाविद्यालय शिक्षा और अनुशासन के क्षेत्र में मिसाल पेश कर रहा है.नए साइंस ब्लॉक और लाइब्रेरी के बनने से विज्ञान के विद्यार्थियों और शोधार्थियों को काफी सहूलियत होगी.समारोह में ये रहे उपस्थितकार्यक्रम में अमित सिंह,चंद्रिका सिंह,हरेश सिंह, उप प्रमुख दीपू मिश्रा,जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष विंदा कुशवाहा, नितेंद्र राय,अमित मिश्रा उर्फ भोला, कुंज बिहारी मिश्र,मुखिया विजय तिवारी, राजीव रंजन तिवारी,राजेंद्र द्विवेदी,विश्वरंजन स्वरूप पाठक,अरविंद सिंह,संतोष कुशवाहा, इकरामुद्दीन सिद्दीकी,सत्यम कुमार,चंदन यादव, अमरेंद्र तिवारी समेत कॉलेज के कई प्राध्यापक, कर्मी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे.

कार्यकर्ता कनवेंशन में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

भोरे। भोरे पंचायत भवन परिसर में अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले भोरे, कटेया और विजयीपुर प्रखंडों के किसान कार्यकर्ताओं का कन्वेंशन आयोजित किया गया। इसमें खाद की कालाबाजारी, धान खरीद, सिंचाई और किसानों की जमीन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 6 नवंबर को भोरे,कटेया और विजयीपुर प्रखंड मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। किसान महासभा के जिला संयोजक रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि बाजार में 1350 रुपए की डीएपी खाद 1900 से 2000 रुपये तक में बेची जा रही है। खाद की कालाबाजारी के कारण आलू,मक्का और गेहूं की बुआई के समय किसानों को परेशानी हो रही है। उन्होंने सरकार से कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की।हथुआ अनुमंडल संयोजक राघव प्रसाद ने धान खरीद केंद्र शीघ्र खोलने और उनपर सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी करने, किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य दिलवाने की मांग की। प्रखंड अध्यक्ष कमलेश प्रसाद कुशवाहा ने कृषि बोरिंग तक बिजली कनेक्शन पहुंचाने के लिए विशेष कैंप लगाने और प्रक्रिया सरल करने की मांग उठाई। कार्यक्रम में लालबहादुर सिंह कुशवाहा, हरिश्चन्द यादव,नित्यानंद तिवारी,रामसागर कुशवाहा,प्रमोद कुशवाहा, छोटेलाल यादव, पारस प्रसाद कुशवाहा,महात्मा कुशवाहा और भोला प्रसाद आदि थे।

भोरे में 18.50 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार,दो साथी फरार

भोरे - भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई टोला रामनगर में पुलिस ने छापेमारी कर 18.50 ग्राम स्मैक जैसे मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार आरोपित की पहचान सिसई टोला रामनगर निवासी धनंजय भगत के पुत्र आदर्श कुमार कुशवाहा के रूप में हुई है.जानकारी के अनुसार,दिवा गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिसई टोला रामनगर स्थित बथान के समीप मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है.सूचना मिलते ही भोरे थानाध्यक्ष रोहिणी उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की.पुलिस टीम को देखते ही वहां मौजूद तीन लोग भागने लगे,जिनमें से जवानों ने घेराबंदी कर एक युवक को दबोच लिया,जबकि दो अन्य भागने में सफल रहे.मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जब पकड़े गए युवक की तलाशी ली गई, तो उसकी हाफ पैंट की दाहिनी जेब से पॉलीथिन में रखा स्मैक जैसा पदार्थ मिला. इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर उसकी कुल मात्रा 18.50 ग्राम पाई गई.पुलिस ने मादक पदार्थ को विधिवत जब्त करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया.पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह अपने परिवार के साथ मिलकर स्मैक बेचने का अवैध धंधा करता है और वह ग्राहकों को डिलीवरी देने पहुंचा था. मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज छानबीन शुरू कर दी है।

शिक्षक पर गोली चलाने के मामले में एक अभियुक्त दोषी करार, तीन साल का कारावास

सीवान। बसंतपुर थाना क्षेत्र के उसरी गांव में शिक्षक पर जानलेवा हमला करने के करीब दस वर्ष पुराने मामले में न्यायालय ने एक अभियुक्त को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।मामला 24 अगस्त 2016 का है। उस दिन शिक्षक सलाउद्दीन, पिता स्वर्गीय साहेब हुसैन, सराय मकतब से पढ़ाकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बसंतपुर थाना क्षेत्र के उसरी गांव स्थित चिमनी के समीप मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से गोली मार दी थी। गोली लगने से शिक्षक घायल हो गए थे। घटना के बाद भाग रहे अपराधियों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया गया था। इनमें मनीष कुमार सिंह, पिता प्रभु प्रसाद सिंह, निवासी उसरी, थाना बसंतपुर की पहचान हुई थी। इस मामले में बसंतपुर थाना कांड संख्या 177/16 दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया था।पुलिस ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से साक्ष्य संकलित कर न्यायालय में प्रस्तुत किए। अपर लोक अभियोजक रंजन श्रीवास्तव के सहयोग से मामले का विचारण पूरा हुआ।मामले में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-द्वितीय, सिवान की अदालत ने अभियुक्त मनीष कुमार सिंह को दोषी पाते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 326 के तहत तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।इस प्रकार अभियुक्त पर कुल एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। न्यायालय ने सभी सजाएं साथ-साथ चलाने का आदेश दिया है।

चोरी के चार मामलों में वांछित अभियुक्त को बरौली पुलिस ने कोइरीगांवा से दबोचा

बड़हरिया (सीवान)। बरौली पुलिस ने बड़हरिया थाना क्षेत्र के कोइरीगांवा गांव में छापेमारी कर चोरी के चार मामलों में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कोइरीगांवा निवासी किशुन प्रसाद के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है।बताया जाता है कि रोहित कुमार के खिलाफ चोरी के कई मामले दर्ज हैं। बरौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे अपने साथ बरौली ले गई।

रसूलपुर कांड में झुलसे रजलू की हालत बिगड़ी, गोरखपुर रेफर

बड़हरिया(सीवान) रसूलपुर ड्रामा मंचन के दौरान हुई घटना में एक दर्जन युवक जिसमें मासूम बच्चे भी शामिल थे उन्हें गंभीर स्थिति में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था घटना के तीन दिनों के भीतर दो के मौत से लोगों की चिंता बढ़ी हुई थी गांव भर में माहौल गमगीन बना हुआ था इसी बीच हाल में तीसरी मौत भी हो गई, जो महाराजगंज का रहने वाला था तथा मां के घर दशहरा के अवसर पर आया हुआ था और अब फिर इस कांड में झुलसे 10 वर्षीय मासूम की स्थिति नाजुक होने की खबर है मिली जानकारी अनुसार पीएमसीएच पटना में रसूलपुर निवाशी गणेश साह के 10 वर्षीय पुत्र रजलू का इलाज चल रहा था मगर रविवार को इसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने पीएमसीएच से हटाकर इसे बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर के किसी निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है सूत्रों के हवाले जानकारी मिली है कि बच्चों की हालत एकदम नाजुक बनी हुई है परिजन हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि 10 वर्षीय मासूम किसी भी तरह चिंतनीय स्थिति से बाहर आ जाए, मगर इस बच्चे की स्थिति को देखते हुए, चिंता बढ़ी हुई है मालूम हो कि घटना के बाद जैसे क्रमवार जाने जा रही है वैसे मामला और भी गंभीर होते दिख रहा है हालांकि इस घटना में पुलिस ने स्थानीय चौकीदार के बयान पर कठोर कानूनी कार्रवाई को भी अंजाम दिया है और इस कार्रवाई के तहत 2 की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई है प्रशासन इस मामले में गंभीर है।

घटना के बाद दो दिनों के भीतर अनीश कुमार, सूरज कुमार, ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं तीसरी मौत पवन कुमार की हुई हैं अब रजलू की जान पर संकट बना हुआ है ऐसे में रसूलपुर ड्रामा मंचन के दौरान हुई घटना , दिल दहलाने वाली साबित हो रही है दशहरा उस गांव के लिए मातम की जड़ बनकर आया है जिससे पूरा गांव आहत है अब लोगों बीच ड्रामा, एक खौफ बन गया है लोगों का कहना है कि भविष्य में शायद अब कभी ऐसा आयोजन इस गांव में होगा, इस घटना के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

700 मेगावाट से बढ़कर 9,475 मेगावाट हुई बिहार की बिजली उपलब्धता

सीवान। बिहार में पिछले 14 वर्षों के दौरान विद्युत क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है। राज्य में बिजली की उपलब्धता लगभग 700 मेगावाट से बढ़कर 9,475 मेगावाट हो गई है। विद्युत आधारभूत संरचना के विस्तार, नए पावर सब-स्टेशनों की स्थापना और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हुआ है। ये बातें रविवार को तरवारा मोड़ स्थित विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय परिसर में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) के 14वें स्थापना दिवस समारोह में सामने आईं।समारोह का उद्घाटन जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्युत विभाग की उपलब्धियों और उपभोक्ता सेवाओं में हुए सुधार पर चर्चा की गई।बताया गया कि सिवान जिले में बिजली आपूर्ति की क्षमता 250 मेगावाट से अधिक हो चुकी है। विद्युत व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस लाइन, धनौती, सोनकरा, माधोपुर और जामो में नए पावर सब-स्टेशन स्थापित करने की दिशा में कार्य चल रहा है। वहीं जिले के करीब 14 पावर सब-स्टेशनों में पावर ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता पांच एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए की गई है।अधिकारियों ने स्मार्ट मीटर को बिजली वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। इससे बिजली खपत, बिलिंग और राजस्व निगरानी में सुविधा मिल रही है। वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को गति देने पर जोर दिया गया। बताया गया कि सिवान क्षेत्र में 16 हजार आवेदन का लक्ष्य है, जिसके विरुद्ध अब तक करीब 4,500 आवेदन प्राप्त हुए हैं और लगभग 300 सोलर प्लांट स्थापित किए गए हैं। अधिकारियों ने योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने की अपील की।वक्ताओं ने कहा कि आने वाले वर्षों में गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति प्राथमिकता होगी। इसके लिए तकनीकी एवं वाणिज्यिक नुकसान कम करने, राजस्व संग्रह बढ़ाने और उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निष्पादन जरूरी है।

सड़कों पर खुलेआम मांस भूनने से उठ रहा धुआं

सीवान। शहर के प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे खुलेआम मांस भूनने की गतिविधियों को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है। महादेवा से जेपी चौक, बबुनिया मोड़ होते हुए स्टेशन रोड तक कई स्थानों पर उठते धुएं और फैलती दुर्गंध से राहगीरों तथा आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी होने की शिकायत सामने आ रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक सड़कों के किनारे इस तरह की गतिविधियों से स्वच्छता प्रभावित हो रही है। साथ ही धार्मिक आस्था और सामाजिक संवेदनशीलता का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। नागरिकों का कहना है कि किसी के खान-पान या रोजगार पर आपत्ति नहीं है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे आम लोगों को परेशानी न हो और स्वच्छता के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

प्रथम पृष्ठ का शेष

टैक्स देने वाले लोग छोड़ें...

की सहायता उपलब्ध कराई जाती है और उनकी शैक्षणिक समस्याओं का समाधान किया जाता है। शिक्षा और ज्ञान अर्जन के माध्यम से ही हम आगे बढ़ सकते हैं।मुख्यमंत्री ने पाटलिपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद के संस्थापक सायन कुणाल एवं सांसद श्रीमती शांभवी चौधरी को इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाना चाहिए, ताकि युवाओं को लोकतंत्र, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा सके। कार्यक्रम को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, सांसद श्रीमती शांभवी चौधरी एवं पाटलिपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद के संस्थापक सायन कुणाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, सांसद श्रीमती शांभवी चौधरी, विधायक विशाल प्रशांत, सीबीएसई पटना के क्षेत्रीय पदाधिकारी जंगम सुनील कुमार, पाटलिपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद के संस्थापक सायन कुणाल, ज्ञान निकेतन स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र मोहन झा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं युवा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को गोला रोड (रंजन पथ) स्थित ज्ञान निकेतन स्कूल परिसर में आयोजित दो दिवसीय %पाटलिपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद-2.0% का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति से जुड़े लोगों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी स्व0 आचार्य किशोर कुणाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की नींव बिहार की धरती से पड़ी है। वर्ष 1947 में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष से देश आजाद हुआ। आजादी के 80 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हमें लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ निरंतर काम कर रहे हैं। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। युवा पीढ़ी देश के भविष्य हैं। लोकतंत्र को मजबूत बनाने, देश की सभ्यता एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने तथा भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि वर्ष1974 के आंदोलन में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई थी। आज का दौर जेन-जी और जेन अल्फा का है। युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में काम करना होगा। पाटलिपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद जैसे आयोजन युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं: मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता मालिक होती है और लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। जनता की आवाज और उनकी अपेक्षाओं को समझना सरकार की जिम्मेदारी है। जनता ने हमें काम करने का अवसर दिया है, इसका अर्थ यह नहीं कि हम स्वयं को भाग्य विधाता समझने लगें। जनहित में लिए गए निर्णयों और बनाए गए कानूनों की भी समय-समय पर समीक्षा करनी पड़ती है। जरूरत पड़ने पर उन्हें वापस भी लेना पड़ता है। सरकार जनता के द्वारा चुनी जाती है और जनता के हित में ही काम करती है। सफल वही होते हैं, जो जनता और विशेषकर युवा पीढ़ी की उम्मीदों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाते हैं और निर्णय लेते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी भी लगातार पांच बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। इन नेताओं ने जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। जनता के लिए समर्पित भाव से काम करने वाले लोगों को जनता का विश्वास और समर्थन मिलता है। राजतंत्र की सोच रखने वाले लोग जनता की अपेक्षाओं को नहीं समझ पाते, जबकि लोकतंत्र में जनता की आवाज सर्वोपरि होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में साढ़े पांच करोड़ लोगों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं तथा 80 करोड़ लोगों को अनाज दिया जा रहा है। पेयजल, बिजली सहित बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। बिहार में अमीर से लेकर गरीब तक सभी को 125 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। राज्य सरकार प्रतिवर्ष प्रति परिवार 8 से 10 हजार रुपये तक बिजली सब्सिडी के रूप में खर्च कर रही है। बिजली सब्सिडी पर बिहार सरकार लगभग 23 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है।

100 फरेस कैच योजना...

के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, निदेशक मत्स्य, तुषार सिंगला एवं विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी क्रम मे मुख्यमंत्री के द्वारा झंडा दिखाते हुए, फ्रेश कैच कियोस्क के माध्यम से राज्य से बक्सर जिले के मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा सुइयां भागर जलकर से पकड़ी गई चेलहवा मछली (3 रूझ) को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी भेजा गया। फ्रेश कैच कियोस्क के माध्यम से राज्य में शहरी उपभोक्ताओं को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण में ताजी मछलियां उपलब्ध होंगी। वहीं, मत्स्य पालकों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए बेहतर और संगठित बाजार मिलेगा।

राज्य सरकार की सात निश्चय-3 योजना के तहत प्रदेश में कुल 100 फ्रेश कैच कियोस्क स्थापित करने की योजना है। इसके पहले चरण में 30 और दूसरे चरण में 70 कियोस्क खोले जाएंगे। इनके माध्यम से उपभोक्ता जीवित और ताजी मछलियां खरीद सकेंगे।

योजना का कार्यान्वयन जिला मुख्यालयों, अनुमंडलों और प्रखंडों तक विस्तारित किया जाएगा। मंत्री नंदकिशोर राम जी ने बताया कि पहले चरण में पटना, नालंदा, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेतिया (पश्चिम चंपारण), साथ ही दूसरे चरण में गया जी, मोतिहारी, कैमुर, रोहतास, नालंदा, एवं पटना के मछुआटोली, पाटलिपुत्र, कंकड़बाग, ऊर्जा स्टेडियम बीएसईबी कॉलोनी, राजबाजार, फुलवारीशरीफ में कियोस्क का अधिष्ठापन किया जाएगा। इसके अलावा इस योजना का कार्यान्वयन जिला मुख्यालयों, अनुमंडलों और प्रखंडों तक विस्तारित किया जाएगा। इसका क्रियान्वयन डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निदेशालय और बिहार एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएआईडीसीएल) के माध्यम से किया जा रहा है.

फ्रेश कैच कियोस्क में मछलियों के सुरक्षित भंडारण और बिक्री के लिए कोल्ड चेन, डीप फ्रीजर, डिस्प्ले काउंटर, स्वच्छ जल, जल निकासी, बिजली और बैकअप जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

योजना के तहत एक फ्रेश कैच कियोस्क की निर्धारित इकाई लागत 11 लाख रुपये है। संभावित मूल्य वृद्धि को ध्यान में रखते हुए इसकी अधिकतम लागत 13.20 लाख रुपये आंकी गई है। सरकार द्वारा निर्धारित इकाई लागत का 80 प्रतिशत अथवा वास्तविक निर्माण लागत, दोनों में से जो भी कम होगी, उसका वहन करेगी। कियोस्क के निर्माण के लिए एजेंसी या संवेदक का चयन निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। वहीं, संचालन के लिए निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार संचालकों का चयन किया जाएगा। केंद्रों के रखरखाव और नियमित संचालन की जिम्मेदारी संबंधित संचालकों की होग

फ्रेश कैच कियोस्क स्थापित होने से मत्स्य पालकों, मछली किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) और मत्स्य सहकारी समितियों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए व्यवस्थित बाजार उपलब्ध होगा। कियोस्क संचालकों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मत्स्य निदेशालय एवं बीएआईडीसीएल के माध्यम से मछलियों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत आपूर्ति नेटवर्क विकसित किया जाएगा।इससे मत्स्य पालकों को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार मिलेगा। साथ ही कियोस्क के संचालन और मछलियों की आपूर्ति से जुड़े कार्यों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। के नाम की पहचान सुनिश्चित होंगी।

पीएम मोदी ने छह...

गौरवशाली विरासत, समृद्ध संस्कृति और अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता की भूमि है। यहां के विश्व-प्रसिद्ध धरोहर स्थल इसकी भव्य ऐतिहासिक पहचान को और भी बढ़ाते हैं।

छत्तीसगढ़ के लोगों को भेजे अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी होती है कि राज्य नक्सलवाद को जड़ से खत्म करते हुए विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, राज्य स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ के सभी निवासियों को हार्दिक बधाई।

हरियाणा के लोगों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गौरवशाली इतिहास, असाधारण वीरता और समृद्ध संस्कृति से सजा यह राज्य देश की शान है। उन्होंने कहा कि यहां की लोक परंपराएं और जीवंत ग्रामीण संस्कृति ने हमेशा देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया है।उन्होंने कहा, जहां हमारे खिलाड़ी तिरंगे का मान बढ़ाते हैं, वहीं हमारे किसान (अन्नदाता) देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत कर रहे हैं। कन्नड़ राज्योत्सव पर कर्नाटक के लोगों को हार्दिक बधाई देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक समृद्ध परंपराओं, उल्लेखनीय उपलब्धियों और अपार संभावनाओं की भूमि है। पीएम मोदी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी और एयरोस्पेस से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप्स तक, कर्नाटक के लोगों ने बार-बार अपनी कुशलता का परिचय दिया है।

वोट बचाओ, देश बचाओ का...

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि इन लोगों को तो अब सपने में भी कांग्रेस दिखाई देने लगी है। पहले तो इन्हें नींद आने में दिक्कत होती है, और जब नींद आती भी है, तो सपने में कांग्रेस दिखती है। यह डर देखकर अच्छा लग रहा है, उनसे कहिए कि अब वे अपने दिन गिनना शुरू कर दें, उनके जाने का समय आ गया है। वे जाने वाले गृह मंत्री हैं... गृह मंत्री सब देख रहे हैं, इसीलिए वे इस तरह की बातें कर रहे हैं। यह एक बेहद सफल रैली थी। मैं पिछले 30 सालों से रामलीला मैदान में हो रही रैलियों को देख रहा हूं, और मैंने इतनी बड़ी रैली पहले कभी नहीं देखी। यह बहुत ही सफल रैली रही। रामलीला मैदान तो मुख्य केंद्र था ही, लेकिन पूरे शहर में भीड़ ही भीड़ नज़र आ रही थी।

राजद प्रमुख तेजस्वी यादव ने रामलीला ग्राउंड में सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह एक दिखावटी चुनाव था। मैंने पहले भी मांग की थी। बंगाल और बिहार में हुए चुनाव पूरी तरह से फर्जी थे। वहां फिर से चुनाव कराए जाने चाहिए। बिहार में अभी जो एमएलसी चुनाव हो रहे हैं, वे बैलेट के जरिए हो रहे हैं। अब बीजेपी बहुत बड़ी मुसीबत में है।उन्हें अपना खाता खोलने के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। वे अपनी ही सीटें हार रहे हैं। बीजेपी देश की जनता चाहती है कि लोकतंत्र को कुचलने वालों को सबक सिखाया जाए, और वे चाहते हैं कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज हो।

रामलीला ग्राउंड में विपक्ष की रैली में भारी भीड़ जुटी है। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए पीएम मोदी और अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। इस पूरे घटनाक्रम पर शशि थरूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें भीड़ दिखाई दे रही है। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं के शानदार लेकिन संक्षिप्त भाषणों के बाद, राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे को सीधे तौर पर उठाया है। आज लोगों की भारी भीड़ यह साफ कर देती है कि वोट बचाओ, देश बचाओ का संदेश लोगों तक पहुँच गया है।

भागलपुर में नितिन नवीन आज...

इस पदयात्रा में उनके साथ बिहार सरकार के कई मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार यह पदयात्रा लगभग एक किलोमीटर तक होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। बीजेपी की ओर से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और सड़कों पर बड़े-बड़े होर्डिंग और बैनर लगाए जा रहे हैं। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं।

देश में अराजकता फैलाने की...

बताना चाहता हूं कि आपकी राजनीति का मॉडल क्या है। इसका पहला चरण झूठ और अफवाहें फैलाना है। दूसरा चरण सड़कों पर अराजकता और अव्यवस्था पैदा करने के लिए लोगों को उकसाना है। तीसरा चरण देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है और चौथा चरण विदेशी ताकतों के इशारे पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करना है।

राहुल गांधी के 1 नवंबर के इस नाटक के चार मकसद हैं। पहला, हमारे सिख भाइयों के जख्मों पर नमक छिड़कना। दूसरा, दिल्ली में दंगे और अराजकता फैलाकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिराने की कोशिश करना। तीसरा, त्योहारी सीजन में दिल्ली के दुकानदारों और व्यापारियों की कमाई छीनना और चौथा, देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचाना।

विपक्षी गठबंधन इंडिया की महारैली पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का मकसद इस त्योहारी सीजन में दिल्ली को ठप करना, छोटे दुकानदारों और कारोबारियों की रोजी-रोटी पर चोट पहुंचाना और देश में अशांति व अराजकता का माहौल पैदा करना है। हम इस समय त्योहारों के सीजन से गुजर रहे हैं। धनतेरस, दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहार आने वाले हैं। पूरे साल हमारे छोटे व्यापारी, रेहड़ी-पटरी वाले और दुकानदार इस समय का इंतजार करते हैं। उन्हें उम्मीद रहती है कि इस दौरान इतनी कमाई हो जाएगी कि वे अपने परिवार का खर्च चला सकें और बच्चों की जरूरतें पूरी कर सकें। लेकिन राहुल गांधी को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि इन कारोबारियों के घरों का चूल्हा जल पाएगा या नहीं। उन्हें सिर्फ अपनी तरह की राजनीति को आगे बढ़ाने में दिलचस्पी है।

नड्डा ने कहा, चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी से बार-बार संपर्क किया। आज भी उनसे संपर्क किया गया। संगठन ने एक-दो बार नहीं, बल्कि तीन बार उनसे अपील की कि भगवान के लिए, त्योहारी सीजन में इतनी बड़ी भीड़ लेकर दिल्ली मत आइए और हमारे कारोबार को ठप मत कीजिए। लेकिन राहुल गांधी की जिद के कारण आज कारोबारियों का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है।

डालमियानगर में कार से...

पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक ने वाहन घुमाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। दंडाधिकारी के समक्ष कार और उसमें सवार लोगों की तलाशी ली गई। कार में चालक के साथ दो महिलाएं भी मौजूद थीं।

पूछताछ में उनकी पहचान सासाराम नगर थाना क्षेत्र के नवरत्न बाजार निवासी चंदन कुमार (32), ज्योति कुमारी (30) और पूनम कुमारी (34) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान चंदन कुमार के पास रखे झोले से 4.50 लाख रुपये, पूनम कुमारी के पास से 36 लाख रुपये और ज्योति कुमारी के पास से 26 लाख रुपये बरामद हुए। इस तरह कुल 66.50 लाख रुपये नकद जब्त किए गए।

उन्होंने बताया कि बरामद नकदी के संबंध में तीनों से वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके और न ही संतोषजनक जवाब दे पाए। इसके बाद पूरी राशि की विधिवत जब्ती सूची तैयार कर नकदी जब्त की गई तथा आयकर विभाग को इसकी सूचना दी गई। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

छापेमारी दल में ये रहे शामिल शिवसागर थानाध्यक्ष रितेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सतीश कुमार, विनोद कुमार यादव, जया भारती, धर्मेंद्र कुमार एवं थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

भारत ने दबाव को ...

लिए प्रतिस्पर्धी कीमतों पर तेल दे रहे हैं। हालांकि, होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल की आपूर्ति में फिर कोई रुकावट आती है तो भारतीय रिफाइनरियां परिवहन लागत बढ़ने के बावजूद रूसी तेल की खरीद दोबारा बढ़ा सकती हैं। उन्होंने कहा कि 16 अक्तूबर को ग्राहम एक्ट के तहत दी गई छूट से भी कुछ भारतीय खरीदारों की रूस से तेल खरीदने को लेकर चिंताएं कम हो सकती हैं। इससे रिफाइनरियों को खरीद के मामले में ज्यादा विकल्प मिलेंगे।

भारत अपनी कच्चे तेल की करीब 90 प्रतिशत जरूरत आयात से पूरी करता है। ऐसे में वैकल्पिक स्रोतों से तेल की उपलब्धता और उसकी कुल लागत रिफाइनरियों के कारोबार के लिए बेहद अहम है। इसलिए रूस और मध्य पूर्व से तेल खरीद का फैसला केवल भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बजाय कीमतों और आपूर्ति की सुरक्षा को ध्यान में रखकर किए जाने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८०००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९३१
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।